ज़्यादा जानकारी और सहायता।

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (Department of Health)
health.ny.gov/diseases/aids/publications

न्यूयॉर्क राज्य HIV/AIDS हॉटलाइन (टोल-फ़्री)
अंग्रेज़ी: 1-800-541-AIDS
स्पैनिश: 1-800-233-SIDA
TDD: 1-800-369-2437
वॉयस कॉल करने वाले न्यूयॉर्क रिले (New York Relay) सिस्टम 711 या 1-800-421-1220 का इस्तेमाल कर सकते हैं और ऑपरेटर से 1-800-541-2437 डायल करने को कह सकते हैं

NYSDOH अनाम HIV काउंसिलिंग और टेस्टिंग प्रोग्राम (NYSDOH Anonymous HIV Counseling and Testing Program)
HIV संबंधी जानकारी, रेफ़रल, या एक मुफ़्त, अनाम HIV टेस्ट कैसे करवाना है, इसकी जानकारी के लिए, अनाम HIV काउंसिलिंग और टेस्टिंग प्रोग्राम (NYSDOH Anonymous HIV Counseling and Testing Program) को कॉल करें।

Albany क्षेत्र: 1-800-962-5065
Buffalo क्षेत्र: 1-800-962-5064
Long Island क्षेत्र (Suffolk/Nassau): 1-800-462-6786
Lower Hudson Valley क्षेत्र: 1-800-828-0064
Rochester क्षेत्र: 1-800-962-5063; TDD: 1-585-423-8120
Syracuse क्षेत्र: 1-800-562-9423
न्यूयॉर्क शहर: DOHMH STD क्लिनिकों के बारे में जानकारी के लिए 311 पर संपर्क करें

ज़्यादा जानकारी और सहायता।

न्यूयॉर्क शहर HIV/AIDS हॉटलाइन
1-800-TALK-HIV (825-5448)

बीमारी नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय केंद्र (Centers for Disease Control)
STD हॉटलाइन
अंग्रेजी/स्पेनिश 1-800-232-4636,
TTY 1-888-232-6348

न्यूयॉर्क राज्य HIV/AIDS काउंसिलिंग हॉटलाइन
1-800-872-2777

न्यूयॉर्क राज्य की भागीदार सेवाएं (Partner Services):
1-800-541-AIDS

न्यूयॉर्क शहर संपर्क अधिसूचना सहायता प्रोग्राम (Contact Notification Assistance Program):
1-212-693-1419

गोपनीयता
न्यूयॉर्क राज्य गोपनीयता हॉटलाइन:
1-800-962-5065

कानूनी कार्रवाई केंद्र (Legal Action Center):
1-212-243-1313 या 1-800-223-4044

NEW YORK STATE | Department of Health

21393 (Hindi) 1/23

टेस्ट की अपेक्षा करें

यह स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था 13 वर्ष और उससे ज़्यादा उम्र के सभी मरीज़ों को HIV टेस्ट की सुविधा प्रदान करके अच्छी चिकित्सा पद्धति और सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून का पालन करती है।

नियमित लैब टेस्ट

- ✓ ग्लूकोज़
- ✓ कोलेस्ट्रॉल
- ✓ HIV टेस्ट
- ✓ खून की पूर्ण गणना
- ✓ लिपिड प्रोफ़ाइल

सबसे खराब HIV स्थिति: अज्ञात
टेस्ट करवाने से आप नियंत्रण में रहते हैं।

https://campaigns.health.ny.gov/BeyondStatus

HIV टेस्ट करवाने से पहले जानने लायक प्रमुख तथ्य।

- HIV टेस्ट स्वैच्छिक है और HIV टेस्ट के सभी परिणाम गोपनीय (निजी) होते हैं।
- HIV असुरक्षित यौन संबंध, सुइयां शेयर करने, प्रसव या स्तनपान के ज़रिए फैल सकता है।
- HIV का इलाज प्रभावी है, इसके बहुत कम दुष्प्रभाव हैं, या तो कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है और हो सकता है इसमें रोज़ सिर्फ एक गोली लेने की ही ज़रूरत हो।
- साथी अपनी-अपनी HIV की स्थिति जानकर और HIV का इलाज करवाके या HIV प्री-एक्सपोज़र प्रोफ़िलैक्सिस (Pre-Exposure Prophylaxis, PrEP) लेकर एक-दूसरे को सुरक्षित रख सकते हैं। सुइयां शेयर न करने और सुरक्षित यौन संबंध बनाने से HIV, हेपेटाइटिस C और अन्य STD से बचाव में मदद मिलेगी।
- किसी व्यक्ति की HIV स्थिति की वजह से उसके साथ भेदभाव करना गैरकानूनी है।
- कुछ सार्वजनिक टेस्ट करने वाली जगहों पर अनाम (बिना अपना नाम बताए) HIV टेस्ट करवाने की सुविधा उपलब्ध है।
- HIV टेस्ट स्वास्थ्य देखभाल का एक नियमित हिस्सा है लेकिन आपको HIV टेस्ट पर आपत्ति जताने या उससे अस्वीकार करने का अधिकार है।
- अगर आप HIV टेस्ट नहीं करवाना चाहते हैं, तो स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को सूचित करें।

गर्भवती महिलाओं के लिए HIV टेस्ट करवाना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

- HIV से पीड़ित एक महिला गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान अपने बच्चे तक यह वायरस पहुंचा सकती है।
- गर्भावस्था से पहले या उसकी शुरुआत में अपनी HIV स्थिति जान लेना बेहतर होता है ताकि आप अपने स्वास्थ्य और अपने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण फैसले ले सकें।
- आपकी गर्भावस्था में जितनी जल्दी हो सके और उसके बाद फिर तीसरी तिमाही में मरीज़ की सहमति से HIV टेस्ट किया जाता है।
- अगर आप गर्भवती हैं और HIV से पीड़ित हैं, तो आपके स्वास्थ्य के लिए और आपके बच्चे में HIV को पहुंचने से रोकने के लिए इलाज उपलब्ध है।
- अगर आपको HIV है और आप इलाज नहीं करवाते हैं, तो आपके बच्चे तक HIV पहुंचने की संभावना एक-चौथाई होती है। अगर आप इलाज करवाते हैं, तो आपके बच्चे तक HIV पहुंचने की संभावना बहुत कम हो जाती है।
- अगर गर्भावस्था के दौरान आपका टेस्ट नहीं हुआ तो आपका प्रदाता प्रसव पीड़ा के दौरान टेस्ट करवाने की सलाह देगा। मामला चाहे जो भी हो, जन्म के बाद आपके बच्चे का टेस्ट किया जाएगा। अगर आपके बच्चे का टेस्ट पॉज़िटिव आता है, तो इसका मतलब है कि आपको HIV है और आपका बच्चा इस वायरस के संपर्क में आ चुका है।

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से इस बारे में बात करें कि आपको अपने HIV टेस्ट के परिणाम कैसे और कब पता चलेंगे।

HIV की बीमारी से पीड़ित कोई ऐसा व्यक्ति जो HIV का इलाज करवा रहा है और 6 महीने या उससे ज़्यादा समय के लिए उसके शरीर में वायरस की मात्रा को कम करके रखा गया है, उसके साथ यौन संबंध के माध्यम से किसी साथी को HIV होने का प्रभावी रूप से कोई खतरा नहीं होता है। इसे पता लगाने योग्य नहीं बराबर असंक्रमणीय (Undetectable equals Untransmittable) या U=U कहा जाता है।

राज्य का कानून आपके HIV टेस्ट के परिणामों की गोपनीयता (गुप्तता) की रक्षा करता है। यह आपकी HIV स्थिति के आधार पर भेदभाव से भी आपको बचाता है।